प्रकाशनार्थ

पटना, 23 जुलाई। एक सार्वजनिक स्वास्थ्य प्रणाली को उत्तरदायी, पारदर्शी और किसी भी प्रकार की गड़बड़ी को रोकने में सक्षम होना चाहिए। आयुष्मान भारत –PMJAY जैसे प्रमुख स्वास्थ्य योजना के लिए विकसित किया गया नवीनतम SAFU डैशबोर्ड इन्हीं उद्देश्यों को पूरा करेगा। यह डैश बोर्ड इस योजना के तहत हुए दावों का real time में मा ॅनिटरिंग करेगा। इस बात को आज बिहार के माननीय स्वास्थ्य मंत्री श्री मंगल पांडेय ने डैशबोर्ड का शुभारंभ करते हुए जोर देकर कहा। यह योजना बिहार स्वास्थ्य सुरक्षा समिति (BSSS) और एशियन डेवलपमेंट रिसर्च इंस्टीट्यूट (आद्री) के सहयोग से चालू है। इस बैठक का आयोजन आद्री द्वारा किया गया।

उन्होंने आगे कहा कि इस डैशबोर्ड को नियमित रूप से अपडेट किया जाना चाहिए ताकि सरकार, लाभार्थी और अस्पताल इससे संतुष्ट रहें। उन्होंने आशा व्यक्त की कि यह डिजिटल पहल राज्य की मानव विकास संबंधी चुनौतियों का समाधान करने में मददगार साबित होगी।

इससे पूर्व आद्री की सदस्य-सचिव डॉ. अश्मिता गुप्ता ने संस्थान के वर्तमान शोध कार्यों की जानकारी दी, जिनमें सबसे उल्लेखनीय बिहार के लगभग 20,000 निजी स्वास्थ्य इकाइयों का भू-मानचित्रण (Geo-mapping) कार्य है।

इस अवसर पर BSSS के मुख्य कार्यपालक अधिकारी श्री शशांक शेखर सिन्हा ने विशेष संबोधन दिया। BSSS के AO श्री शैलेश चंद्र दिवाकर, और आद्री की डॉ. मौसमी गुप्ता व डॉ. संचित महापात्रा ने भी अपने विचार व्यक्त किए। आद्री की डॉ. सुनीता लाल ने माननीय मंत्री और अन्य वक्ताओं को अंगवस्त्र से सम्मानित किया। कार्यक्रम में माननीय मंत्री ने आद्री द्वारा संचालित जन शिक्षण संस्थान (JSS) के प्रशिक्षुओं को प्रमाण पत्र भी वितरित किए।

(अभिषेक प्रसाद)